सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-460
27/09/2017

मुख्यमंत्री ने राज्य की शांति एवं समृद्धि के लिए मॉ दुर्गा की पूजा अर्चना की

पटना, 27 सितम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज महासप्तमी पर्व के अवसर पर दुर्गा पूजा समिति खाजपुरा, श्री श्री दुर्गा पूजा समिति शेखपुरा तथा डाकबंगला रोड स्थित नवयुवक संघ श्री दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में जाकर माँ दुर्गा का दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

डाकबंगला रोड स्थित पंडाल में देवी दर्शन एवं पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री ने समस्त देशवासियों एवं बिहारवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द और मिल्लत का पर्व है। हम सबों को इसे भाईचारे के साथ मनाना चाहिए।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी' जी, एवं मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, नवयुवक दुर्गा संघ के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार टोनी, उपाध्यक्ष श्री राजन कुमार यादव, महासचिव श्री पुरूषोत्तम मिश्र, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

******